<u>पत्र सूचना शाखा</u>

<u>सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0</u>

<u>राष्ट्रीय संस्कृत संस्थान मानित विश्वविद्यालय के प्रतिनिधिमण्डल ने राज्यपाल से भेंट की</u>

लखनऊः 23 अगस्त, 2015

उत्तर प्रदेश के राज्यपाल, श्री राम नाईक से आज राष्ट्रीय संस्कृत संस्थान मानित विश्वविद्यालय, नयी दिल्ली, मानव संसाधन विकास मंत्रालय, भारत सरकार के एक प्रतिनिधिमण्डल ने 'गृहं गृहं प्रति संस्कृतम्' सम्पर्क अभियान की जानकारी देते हुए भेंट की। प्रतिनिधिमण्डल में प्रो0 परमेश्वर नारायण शास्त्री कुलपति राष्ट्रीय संस्कृत संस्थान नई दिल्ली, प्रो0 यदुनाथ दुबे कुलपति सम्पूर्णानन्द संस्कृत विश्वविद्यालय वाराणसी, प्रो0 हृदयरंजन शर्मा अध्यक्ष संस्कृतभारती काशी प्रान्त तथा प्रो0 बी0पी0 मिश्रा पूर्व कुलपति सहित संस्कृत के अन्य विद्वान भी थे।